a2zpapers.com

Exam. Code : 108003
Subject Code : 2463

B.A. (Hons.) 3rd Semester

HINDI

(Aadhunik Kavya & Kavya Natak)

Time Allowed—Three Hours] [Maximum Marks—100

खण्ड—क

सूचना :— निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **50 शब्दों** अथवा **5 पंक्तियों** में दीजिए।

1. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की पिछड़ा आदमी कविता का भाव-सौंदर्य स्पष्ट करें।
2. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की अन्म में कविता का उद्देश्य बताइये।
3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना किस काव्यधारा के कवि हैं ?
4. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के किन्हीं दो काव्य-संग्रहों का नामोल्लेख करें।
5. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की 'रसोई' कविता का उद्देश्य क्या है ?
6. दुष्यंत कुमार के किन्हीं दो काव्य-ग्रन्थों का उल्लेख करें।
7. दुष्यंत कुमार का काव्य-नाटक कितने भागों में विभक्त है ?
8. दुष्यंत कुमार किस विधा के लिए विख्यात हैं ?
9. दुष्यंत कुमार के एक कंठ विषपायी का प्रकाशन वर्ष बताइये।
10. दुष्यंत कुमार की कीर्ति का आधार कौनसा ग्रन्थ है ?

10×2=20

a2zpapers.com

a2zpapers.com

खण्ड—ख

सूचना :— यह खण्ड चार उपखण्डों में विभक्त है। प्रत्येक उपखण्ड में से निर्देशानुसार **दो-दो** प्रश्नों के उत्तर **50** शब्दों अथवा **2** पृष्ठों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का होगा।

उपखण्ड—एक

किन्हीं **दो** *की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।*

1. अक्सर चाँद जेब में/पड़ा हुआ मिलता है,
   सूरज को गिलहरी/पेड़ पर बैठी खाती है,
   अक्सर दुनिया/मटर का दाना हो जाती है।

2. तेरे साथ थककर
   सोयी थी जो तेरी सहेली हवा,
   जाने किस झरने में नहाकर आ गयी है,
   गोरे हाथों से छू रही है तेरी तसवीरों की किताब
   देख तो, कितना रंग फैल गया।

3. ढोल की लय धीमी होती जा रही है,
   धीरे-धीरे एक क्रांति-यात्रा
   शव-यात्रा में बदल रही है,
   सड़ांध फैल रही है,
   नक्शे पर देश के।

a2zpapers.com

a2zpapers.com

उपखण्ड—दो

किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

1. जब तक ये महल
ये सोने के कलश और कंगूरे
और ये राजमार्ग
हमारे खाने के लायक बनें
तब तक तुम
—मुझको ही खाओ।

2. किन्तु
मैं अकेला रह गया हूँ अब
बिल्कुल अकेला
पूरे नगर में अकेला,
आह !
इन राजमहलों से मोह
अब तोड़ना पड़ेगा मुझे
बहुत शीघ्र अब
यह नगर छोड़ना पड़ेगा मुझे
वरना क्या खाऊँगा और क्या पियूँगा यहाँ ?

3. सम्प्रति बस प्रतिकार
देव, ऋषि, दानव सबसे।
आह ! तीसरा नेत्र
रक्त का प्यासा कब से।

a2zpapers.com

a2zpapers.com

चलो
अलकनंदा की ओर चलें अब प्रेयसि !
वहाँ तुझे मैं
स्नान कराऊँगा उस जल में,
फिर चंदन से माँग भरूँगा।

उपखण्ड—तीन

किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

1. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के काव्य की किन्हीं दो कविताओं का प्रतिपाद्य स्पष्ट करें।

2. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की काव्य-यात्रा पर टिप्पणी लिखिए।

3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की 'धीरे-धीरे' कविता के काव्य-सौंदर्य पर प्रकाश डालें।

उपखण्ड—चार

किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

1. दुष्यंत कुमार के काव्य की किन्हीं दो मुख्य विशेषताओं का सोदाहरण वर्णन करें।

2. दुष्यंत कुमार की काव्य-भाषा की विशेषताएं लिखिए।

3. दुष्यंत कुमार की 'एक कंठ विषपायी' के काव्य-सौंदर्य पर प्रकाश डालें। 8×6=48

a2zpapers.com

a2zpapers.com

खण्ड—ग

सूचना :— निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **1000 शब्दों** अथवा **5 पृष्ठों** में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंकों का होगा।

1. नई कविता के विशिष्ट कवि के रूप में सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का आंकलन करें।

अथवा

पाठ्यक्रम में संकलित सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की भावगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

2. दुष्यंत कुमार के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालें।

अथवा

एक कंठ विषपायी की आधुनिक युग में प्रासंगिकता पर सारगर्भित लेख लिखें। $2\times16=32$

a2zpapers.com